

सागर प्रवेश संवाद

चुप न रहें संवाद करें

www.bundelihalchal.com

डिजीटल मीडिया पार्टनर

बुन्देली halchal.com

#Digital Edition

सागर, रविवार, 25 जनवरी 2026




# आवासीय मकान में चल रही थी मस्जिद

## मकरोनिया के दीनदयाल नगर में अवैध मस्जिद का मामला


प्रवेश संवाद सागर
9926459376


मकरोनिया क्षेत्र के दीनदयाल नगर में एक आवासीय मकान में मस्जिद संचालित होने का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। शिकायत मिलने के बाद मकरोनिया नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जिसमें कई नियमों के उल्लंघन का खुलासा हुआ है।



नगर पालिका की ओर से यह जांच इंजीनियर सत्यम देवलिया द्वारा की गई। जांच के दौरान संबंधित पक्ष से मकान एवं प्लॉट से जुड़े दस्तावेज तलब कर उनकी गहन पड़ताल की गई। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि जिस स्थान पर मस्जिद संचालित की जा रही है, वह आवासीय प्लॉट है और हाउसिंग बोर्ड की संपत्ति के अंतर्गत आता है।

इंजीनियर सत्यम देवलिया ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनियों में प्लॉट केवल लीज पर दिए जाते हैं, जबकि उनका स्वामित्व हाउसिंग बोर्ड के पास ही रहता है। ऐसे में प्लॉट को खरीदकर उसे वक्फ के नाम दान किया जाना और उस पर मस्जिद का निर्माण करना नियमों के विपरीत है।

इसके साथ ही मस्जिद निर्माण के लिए आवश्यक भूमि उपयोग परिवर्तन (लैंड यूज चेंज) की अनुमति भी नहीं ली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मकरोनिया नगर पालिका द्वारा हाउसिंग बोर्ड एवं सागर कलेक्टर को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है, ताकि नियमानुसार लीज निरस्त करने एवं आगे की कार्रवाई की जा सके। फिलहाल पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है और सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि नगर पालिका एवं प्रशासन इस प्रकरण में आगे क्या कदम उठाते हैं।

# इंसानियत शर्मसार: हाथ ठेले पर ले जाना पड़ा शव

## गरीबी और स्वास्थ्य व्यवस्था की विफलता ने छीनी एक महिला की जिंदगी


प्रवेश संवाद सागर
9926459376


सागर से सामने आई एक ऐसी तस्वीर, जिसने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया है। शहर की सड़कों पर उस वक्त हर संवेदनशील आंख नम हो गई, जब एक वृद्ध अपनी बीमार पत्नी को इलाज के लिए हाथ ठेले पर अस्पताल ले जाते दिखाई दिए। यह कोई आम दृश्य नहीं था, बल्कि उस मजबूरी और दर्द की तस्वीर थी, जिसे शब्दों में बयां कर पाना आसान नहीं।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के सेसाई गांव निवासी पवन साहू पिछले 10 से 12 वर्षों से सागर में रहकर सब्जी बेचने का काम कर रहे हैं। सीमित आय और आर्थिक तंगी के चलते वे अपनी पत्नी का समय पर समुचित इलाज नहीं करा सके।

मजबूरी में पवन साहू अपनी पत्नी को उसी सब्जी के ठेले पर अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी पत्नी ने दम तोड़ दिया। बीच सड़क पर टूटा हुआ वह वृद्ध पति और ठेले पर निश्चल पड़ी उसकी पत्नी यह दृश्य इतना मार्मिक था कि मौके पर मौजूद लोगों की आंखें भर आईं और रोंगटे खड़े हो गए।

गरीबी, लाचारी और इलाज की कमी ने एक महिला की जान ले ली, और एक पति को ऐसा दर्द दे दिया, जो जीवन भर उसका पीछा करेगा। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस व्यक्ति की पूरी जमा पूंजी पत्नी के इलाज में खर्च हो चुकी हो, वह अपनी पत्नी का सम्मानजनक अंतिम संस्कार कैसे कर पाएगा?

यह घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं है, बल्कि समाज, स्वास्थ्य व्यवस्था और जमीनी हकीकत पर गंभीर सवाल खड़े करती है। यह तस्वीर किसी एक की पीड़ा नहीं, बल्कि उस सच्चाई का आईना है, जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है।




नमामि देवी नर्मदे
समस्त नगरवासियों को नर्मदा जयंती एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं।
आभार अभिनंदन
देवरी नगरपालिका अध्यक्ष निर्वाचन में मिले अभूतपूर्व समर्थन और आशीर्वाद के लिए देवरी नगर परिवार की देवतुल्य नागरिकों- मातृशक्तियों का सादर वंदन..कोटि कोटि आभार,
नगर के विकास के संघर्ष में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सारथी बने सहभागी, सहयोगियों एवं मार्गदर्शक जागरूक जनों का
आभार..वंदन.. अभिनंदन
नेहा अलकेश जैन अध्यक्ष नगरपालिका परिषद देवरी

### पुलिस ने आरोपी को पकड़ा, कोर्ट में पेश, 16 जनवरी से थी नाबालिग लापता

# शादी का झांसा देकर नाबालिग का अपहरण, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**प्रवेश संवाद ❀ सागर**

मोतीनगर थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर 17 वर्षीय नाबालिग का अपहरण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नाबालिग को सकुशल दस्तयाब किया है। आरोपी का नाम प्रमोद अहिरवार (21) है, जो संत रविदास वार्ड का रहने वाला है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।




पुलिस के अनुसार, 16 जनवरी को फरियादिया ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी दोपहर करीब 2.30 बजे मोहल्ले में दुकान जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने मोहल्ले के ही एक युवक पर संदेह जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई।

**लोकेशन ट्रेस कर दबोचाः** शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने साइबर सेल की मदद से नाबालिग की लोकेशन ट्रेस की और शुक्रवार को दबिश देकर उसे दस्तयाब कर लिया। थाने लाकर किशोरी के बयान दर्ज किए गए।

**आरोपी ने कबूला जुर्मः** पीड़िता ने अपने बयानों में बताया कि आरोपी प्रमोद अहिरवार उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया था। मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि नाबालिग का अपहरण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने मामले में धाराएं बढ़ाकर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

## थाने में पहुंचा नाइजीरियाई छात्र, फर्राटेदार इंग्लिश सुनकर पुलिसकर्मी हैरान

**प्रवेश संवाद ❀ सागर**

राहतगढ़ थाने में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक नाइजीरियाई युवक वहां पहुंच गया। वह फर्राटेदार अंग्रेजी बोल रहा था, जिसे थाने में मौजूद स्टाफ समझ नहीं पाया। बाद में अंग्रेजी जानने वाले पुलिसकर्मियों ने उससे बात की, तब मामला समझ आया। युवक शिमला में पढ़ने वाला छात्र है और अपने बैंक खाते से 'होल्ड' हटवाने के लिए सागर आया है। उसका खाता साइबर ठगी के एक मामले में लिंक होने के कारण फ्रीज कर दिया गया था।

**किसान के खाते से पार हुए थे 95 हजारः** दरअसल, कुछ दिनों पहले राहतगढ़ के मरदानपुर निवासी प्रताप राजपूत ने थाने में 95 हजार रुपए की साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला साइबर सेल को भेजा था। जांच में सामने आया कि ठगी की कुछ राशि नाइजीरियाई छात्र मोहम्मद ताहिर अब्दुल्ला (20) के खाते में ट्रांसफर हुई है। इसी आधार पर सेंट्रल एजेंसी ने ताहिर की यूपीआई आईडी और बैंक खाते पर होल्ड लगवा दिया था।


**शिमला में करता है पढ़ाई, बैंक ने भेजा सागरः** जानकारी के अनुसार, मोहम्मद ताहिर अब्दुल्ला मूल रूप से नाइजीरिया का है और अभी हिमाचल प्रदेश के शिमला स्थित बरहा यूनिवर्सिटी से फार्मेसी की पढ़ाई कर रहा है। जब उसके यूपीआई ट्रांजेक्शन बंद हो गए, तो उसने बैंक से संपर्क किया। बैंक ने उसे बताया कि सागर के राहतगढ़ थाने के निर्देश पर होल्ड लगा है। इसके बाद वह भोपाल होते हुए बस से राहतगढ़ थाने पहुंचा।

**साइबर सेल ने शुरू की होल्ड हटाने की प्रक्रियाः** पुलिस ने छात्र की समस्या सुनने के बाद उसे सागर साइबर सेल भेजा। वहां अधिकारियों ने ताहिर के बयान दर्ज किए और पूछताछ की।

## मरीज सुविधाओं को तरसते रहे, कर्मचारी सरकारी बिजली से स्कूटी चार्ज करते रहे

- बीना सिविल अस्पताल का वीडियो वायरल, एसडीएम बोले- दोबारा हुआ तो होगी कार्रवाई

**प्रवेश संवाद ❀ बीना**



बीना सिविल अस्पताल परिसर में एक कर्मचारी को सरकारी बिजली का दुरुपयोग करते हुए अपनी निजी इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्ज करते हुए कैमरे में कैद किया गया है। इस घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कर्मचारी अस्पताल भवन के अंदर अपनी स्कूटी चार्ज कर रहा है। बताया जा रहा है कि शासकीय कार्यालयों के कर्मचारी नियमित रूप से सरकारी बिजली का लाभ उठाते हुए अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटियों को बिल्डिंग के अंदर चार्जिंग पर लगाते हैं। यह कृत्य सरकारी संसाधनों के स्पष्ट दुरुपयोग को दर्शाता है।

एक ओर जहां मरीजों को अस्पतालों में मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर अस्पताल स्टाफ सरकारी संसाधनों का उपयोग अपनी निजी सुविधाओं के लिए कर रहा है। यह न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि नियमों का भी सीधा उल्लंघन है। पिछले साल इसी अस्पताल में एक ई-रिक्शा चालक ने मरीज को छोड़ने के बाद अपना ई-रिक्शा चार्ज पर लगा दिया था, जिस पर डॉक्टर ने कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया था। अब सवाल यह उठता है कि जब कर्मचारी ऐसा करते हैं तो उन पर कौन कार्रवाई करेगा।

बीना एसडीएम विजय डेहरिया ने इस मामले पर संज्ञान लेते हुए बताया कि ऐसा मामला पहली बार सामने आया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपनी स्कूटी या बाइक बिल्डिंग के अंदर खड़ी नहीं करनी चाहिए। यदि कोई भी कर्मचारी अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी को सरकारी कार्यालय में चार्ज करता पाया जाता है, तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## लोडिंग वाहन खड़ा करने के विवाद में घर में घुसकर मारपीट, दो भाई गिरफ्तार

**प्रवेश संवाद ❀ सागर**

मोतीनगर थाना क्षेत्र के वल्लभनगर वार्ड में सड़क पर लोडिंग वाहन खड़ा करने की बात पर हुए विवाद में घर में घुसकर मारपीट करने वाले दो भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाने लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार, 22 जनवरी को फरियादी देवेन्द्र पिता सुखलाल यादव उम्र 35 वर्ष निवासी नीलकंठ मंदिर के पास वल्लभनगर वार्ड ने थाने में शिकायत की। शिकायत में बताया कि रात करीब 11 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था। मेरा लोडिंग वाहन भी खड़ा था। तभी मोहल्ले का लालू यादव अपनी स्कूटी से आया।



उसने कहा कि सड़क पर लोडिंग वाहन खड़ा नहीं किया करो तो मैंने कहा आपे सड़क किनारे खड़ा है, तुम साइड से निकल जाओ। इसी बात को लेकर कुछ देर बाद लालू यादव, आकाश यादव और राहुल यादव हाथ में डंडे और चाकू लेकर घर आ गए। उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। घर में घुसकर डंडों से मारपीट की। मारपीट में शरीर के अलग-अलग हिस्सों में चोटें आईं। शिकायत पर पुलिस ने लालू, आकाश और राहुल यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया।

**आरोपियों को न्यायालय में पेश कियाः** आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई। टीम ने छानबीन करते हुए शुक्रवार को आरोपी राहुल उर्फ लेखराम पिता मुन्नालाल यादव उम्र 23 साल, आकाश उर्फ मट्टू यादव उम्र 25 साल दोनों निवासी इतवारी टोरी को गिरफ्तार किया। मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि घर में घुसकर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उनके कब्जे से वारदात में उपयोग किया गया डंडा और चाकू जब्त किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

# खुरई में यज्ञ समिति ने कराया दो बेटियों का विवाहः गढ़ौला जागीर में उपहार में दीं बाइक और गृहस्थी का सामान; गाजे-बाजे के साथ निकली बारात

- गाजे-बाजे के साथ निकली बारात

**प्रवेश संवाद ❀ खुरई**

खुरई तहसील के ग्राम गढ़ौला जागीर में चल रहे राम महायज्ञ के दौरान मानवता और सेवा की एक अनूठी मिसाल पेश की गई। यहां यज्ञ समिति ने न केवल धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया, बल्कि अपने संकल्प को पूरा करते हुए गांव की दो बेटियों का विवाह भी अपने निजी खर्च पर संपन्न कराया।



इस आयोजन में पूरा गांव बाराती बनकर शामिल हुआ। समिति के सदस्य लोकेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि महायज्ञ की योजना बनाते समय ही सभी सदस्यों ने संकल्प लिया था कि वे यज्ञ वेदी के साथ-साथ दो कन्याओं के हाथ भी पीले कराएंगे। इस नेक कार्य के लिए समिति के सभी सदस्यों ने स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग किया। समिति की देखरेख में गांव की गीता तोमर और गुनगुन रैकवार का विवाह पूरे धूमधाम से संपन्न हुआ।

**गाजे-बाजे और बग्गी के साथ निकली बारातः** विवाह समारोह में डीजे, बैंड-बाजे और बग्गी के साथ भव्य बारात निकाली गई, जिसमें गांव के युवाओं ने पारंपरिक पगड़ी पहनकर जमकर नृत्य किया। वरमाला के दौरान मुख्य कथावाचक पंडित अरविंद दुबे ने नवयुगलों को आशीर्वाद दिया। समिति ने बेटियों को गृहस्थी के जरूरी सामान के साथ-साथ उपहार स्वरूप एक-एक बाइक भी प्रदान की।

**कथा में गूंजा माता-पिता की सेवा का संदेशः** गढ़ौला जागीर में सात दिवसीय राम कथा का आनंद भी श्रद्धालु उठा रहे हैं। कथा के तीसरे दिन पंडित अरविंद दुबे ने परिवार के मूल्यों पर जोर देते हुए कहा कि आज के दौर में लोग माता-पिता को भूलकर उन्हें वृद्धाश्रम छोड़ रहे हैं, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने युवाओं को माता-पिता की सेवा करने की प्रेरणा दी।

आयोजन को सफल बनाने में लोकेंद्र सिंह राजपूत, हरसेंद्र सिंह राजपूत, रामविनोद कटारे, रानू सोनी, अमित अवस्थी, रामकुमार कटारे और पुष्पेंद्र देवलिया सहित पूरी समिति का सराहनीय योगदान रहा।

### समीक्षा बैठक : 31 जनवरी से 6 फरवरी तक चलेगा प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम, 7 दिवसीय रामकथा भी होगी

# रुद्राक्ष धाम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा एवं श्री रामकथा के आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने विभिन्न जिम्मेदारियों के लिए प्रभार सौंपे

**प्रवेश संवाद सागर**



रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में 31 जनवरी से 6 फरवरी तक आयोजित श्री हनुमानजी मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा तथा श्री राम कथा के साथ दिवसीय आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने दो अलग-अलग बैठकों में कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं के दायित्वों का कार्य विभाजन किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है अतः इस संख्या के अनुरूप ही बड़ी और व्यापक व्यवस्था की तैयारियां की जा रही हैं। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मेरे पिता जी स्व. दीवान अमोल सिंह ने अपनी पैतृक भूमि में से 20 एकड़ भूमि मंदिर के लिए दी थी। इस भूमि पर ईश्वरवासी गृहस्थ संत पं देवप्रभाकर शास्त्री दद्दाजी के परम सानिध्य में आयोजित रूद्र महायज्ञ में एक सप्ताह में 39 करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण हुए जो भारतभूमि पर एक स्थान पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कीर्तिमान है। इससे पवित्र हुई भूमि पर भगवान श्री राधाकृष्ण जी मंदिर का निर्माण हुआ जिसमें मूर्ति चयन एवं प्राण-प्रतिष्ठा पूज्य संत दद्दाजी जी द्वारा ही की गई और रुद्राक्ष धाम मंदिर नाम दिया गया। अब इसी पुण्य भूमि पर भगवान शिव जी की कृपा से भगवान श्री हनुमानजी का पूरी तरह दक्षिण मुखी भव्य मंदिर का निर्माण डेढ़ वर्ष में पूर्ण हुआ है जिसकी प्राण-प्रतिष्ठा के लिए यह बात दिवसीय श्री राम कथा आयोजन किया जा रहा है।

पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बैठक में बताया कि रुद्राक्ष धाम मंदिर निर्माण, उसकी व्यवस्था तथा निरंतर होने वाले धार्मिक आयोजनों में कभी किसी से भी कोई चंदा या आर्थिक सहयोग नहीं लिया गया। सारी व्यवस्था ईश्वरीय कृपा से हमारे द्वारा की जाती हैं। प्रतिदिन 5 हजार से अधिक श्रद्धालु रुद्राक्ष धाम मंदिर में आते हैं। बड़े आयोजनों में यह संख्या लाखों में पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में भगवान श्री हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ 7 दिवसीय श्री राम कथा आयोजन का आयोजन हो रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम 1 फरवरी को होगा जिसमें मुख्यमंत्री डा मोहन यादव जी पधार रहे हैं। सात दिवसीय आयोजन में भी देश भर से संत महात्मा, वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल होंगे। समापन दिवस 6 फरवरी को एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के विशाल पारंपरिक भंडारा प्रसादी की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि सागर जिले तथा प्रदेश में दस लाख से अधिक आमंत्रण पत्रों का घर घर जाकर वितरण आप सभी के सहयोग से किया गया है और सभी इस धार्मिक आयोजन में सादर आमंत्रित हैं।

पूर्व गृहमंत्री श्री सिंह ने बैठकों में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से सहमति लेकर बात दिवसीय आयोजन की पूर्णकालिक स्वयंसेवा हेतु व्यवस्थावार दायित्वों का निर्धारण किया। इन व्यवस्थाओं में रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में स्थित श्री हनुमानजी मंदिर, श्री राधाकृष्ण जी मंदिर तथा श्री राम जानकी मंदिर में दर्शन व्यवस्था, प्रसादी वितरण व्यवस्था, भंडारा व्यवस्था, यज्ञशाला प्रबंधन, अतिथि ब्राह्मणों का सत्कार,अखंड कीर्तन व्यवस्था, कथा पंडाल व्यवस्था, मंदिर प्रांगण स्वच्छता मानीटरिंग, पेयजल मानीटरिंग, सुरक्षा व्यवस्था, पादुका सुरक्षा सेवा, चिकित्सा व्यवस्था, साहित्य सामग्री वितरण, मल्टी लेयर पार्किंग व्यवस्था, कार्यालय व्यवस्था,कथा मंच व्यवस्था, कथा पंडाल बैठक व्यवस्था,अतिथि सत्कार व्यवस्था तथा मीडिया व्यवस्था जैसे दायित्वों का कार्य विभाजन किया। बैठक में व्यवस्थावार प्रभारी तथा सहयोगी टीमों का गठन किया गया। पूर्व गृहमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने सभी व्यवस्थाओं की कार्यपद्धतियों को विस्तार पूर्वक बताया और सटीकता से निर्वहन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया। बैठक में ऐच्छिक रूप से जिन्होंने अपने नाम दायित्व निर्वहन हेतु सूचीबद्ध कराए उनमें पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह, महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी, प्रभु दयाल पटेल, संध्या भार्गव, वरिष्ठ पार्षद विनोद तिवारी, नरेश यादव, राजकुमार पटेल, शैलेंद्र ठाकुर, रिटा डीएसपी वीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं दिलीप पांडे, शरद अग्रवाल, सोमेश जड़िया, सूरज घोसी, रूबी पटेल, याकृति जड़िया, रानी अहिरवार, प्रीति सिंह, रामू ठेकेदार, देवेंद्र अहिरवार आदि शामिल रहे।

## शिवसेना ने बाला साहेब ठाकरे के जन्मदिन पर मिष्टान व गर्म कपड़े बांटे

**प्रवेश संवाद सागर.**



शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का 100 वा जन्मदिन शिवसैनिकों ने हर्षाउल्लास से मनाया सुबह 9 बजे से सिविल लाइंस में बाला साहेब ठाकरे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तदुपरांत शिवसैनिकों ने रेल्वे स्टेशन व बस स्टैण्ड पहुंचकर गरीबों को मिष्टान के साथ गर्म वस्त्र वितरित किए इस मौक़े पर शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा कि बाला साहेब का यह जन्मदिन देश के सम्पूर्ण शिवसैनिक शताब्दी वर्ष के रूप मे मना रहे है हिंदू हित की रक्षा करने वाले हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे का हिंदुत्व हमेसा यादगार बना रहेगा शिवसेना जिला प्रभारी विकाश सिंह कहा कि बाबरी विध्वंस करने वाले बाला साहेब ठाकरे जी को भारत रत्न दिया जाना चाहिए पुजारी पुरोहित विद्वत संघ अध्यक्ष पंडित शिवप्रसाद तिवारी ने बाला साहेब को हिंदू रक्षक की उपाधि दी इस मौके पर हेमराज आलू अमन ठाकुर शेखर तिवारी रामेश्वर दुबे शिवम शास्त्री सुमित भार्गव रामकृष्ण गर्ग अशोक दुबे श्यामशरण दुबे दीपक सिंह लोधी सचिन जैन मयंक रजक अजय बुंदेला हरि पटेल पंकज दुबे उपस्थित थे।

## क्षेत्रीय निदेशक डॉ. दिवाकर सिंह ने कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में संचालित मप्र भोज विवि के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया

**प्रवेश संवाद सागर**



शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित होने वाली आगामी जनवरी दिसंबर 2025 परीक्षाओं की तैयारियों का जायजा लेने हेतु क्षेत्रीय निदेशक डॉ दिवाकर सिंह राजपूत ने विशेष दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र का औपचारिक उद्घाटन किया और व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने बतलाया कि यह राज्य स्तरीय मुक्त और दूरस्थ शिक्षा विश्वविद्यालय है। इसका मुख्य उद्देश्य उन विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है जिन्हें संसाधनों की कमी, समय की कठिनाइयाँ, कार्यव्यस्तता या अन्य कारणों से नियमित शिक्षा प्राप्त करना कठिन होता है साथ साथ उच्च शिक्षा की पहुँच बढ़ाना, विशेषकर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों तक।दूरस्थ शिक्षा तथा आई.सी.टी आधारित शिक्षण सामग्री के माध्यम से लचीलापन प्रदान करना है।क्षेत्रीय निदेशक ने परीक्षा कक्षों, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा मानकों और गोपनीय सामग्री के रखरखाव के लिए निर्धारित कक्षों का अवलोकन किया एवं निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता पूरी तरह बनी रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता और परीक्षा केंद्र समन्वयक डॉ शैलेन्द सिंह राजपूत के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश की जानकारी दी। संस्था की प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय का यह केंद्र सागर क्षेत्र के छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसके लिए छात्रों को पेयजल, प्रकाश और शौचायल जैसी बुनियादी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ जय कुमार सोनी, डॉ रविंद्र सिंह ठाकुर, देवकृष्ण नामदेव परीक्षा विभाग के कर्मचारी और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्राचार्य ने क्षेत्रीय निदेशक को आश्वस्त किया कि परीक्षा संचालन के लिए सभी तैयारियां समय सीमा में पूर्ण कर ली गई हैं।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानवीय अनुभूति और संवेदना का विकल्प नहीं बन सकती: कुलपति ठाकुर

### विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग में प्रबंधन एवं ई-कॉमर्स में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका एवं महत्त्व पर दो दिवसीय कांफ्रेंस संपन्न

**प्रवेश संवाद सागर.**



डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के व्यवसाय प्रबंधन विभाग द्वारा 23 एवं 24 जनवरी 2026 को 'प्रबंधन और ई कॉमर्स में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) की भूमिका एवं महत्व' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन अभिमंच सभागार में संपन्न हुआ। इस आयोजन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बदलते स्वरूप तथा प्रबंधन एवं ई कॉमर्स क्षेत्र में उसके बढ़ते प्रभाव पर सार्थक विमर्श किया गया ।कांफ्रेंस के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. वाई. एस. ठाकुर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कभी भी मानवीय स्पर्श और अनुभूति का विकल्प नहीं हो सकती। यह मनुष्यता के विकास में सहायक भर हो सकती है।एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर से पधारे मुख्य वक्ता डॉ. राजेश कोठारी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला।विशिष्ट अतिथि के रूप में रिलायंस कारपोरेट इंडस्ट्री से उपस्थित श्री राकेश मनोचा ने उद्योग जगत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपयोगिता एवं चुनौतियों पर अपने अनुभव साझा किए। इसके बाद दो दिनों में कांफ्रेंस के दो तकनीकी सत्र और समापन सत्र आयोजित किए गए।उद्घाटन सत्र में डॉ. बबीता यादव ने तथा समापन सत्र में डॉ. पी बकुला कुमारी ने आभार ज्ञापन दिया।

कांफ्रेंस के प्रथम तकनीकी सत्र में शोध पत्र प्रस्तुति पुरस्कार मिस आयुषी साहू को तथा द्वितीय तकनीकी सत्र में यह पुरस्कार संयुक्त रूप से सुभाष गुप्ता एवं तनुल जैन को प्रदान किया गया। इस आयोजन में कुल 55 पंजीकरण हुए थे । कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सुनीत वालिया थीं। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय की कुलानुशासक प्रो. चंदा बैन, प्रो. डी. के. नेमा, प्रो. उत्सव आनंद, डॉ. रूपाली सैनी, डॉ. वीरेंद्र मटसेनिया, डॉ . हिमांशु ,डॉ. पुष्पा सूर्यवंशी, डॉ. भावना , डॉ. पी बकुला कुमारी ,डॉ. बबीता यादव, डॉ. लोकेश एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल दो दिन सागर जिले के प्रवास पर रहेंगे

**प्रवेश संवाद सागर.** उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल 25 एवं 26 जनवरी 2026 को सागर जिले के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री शुक्ल 25 जनवरी 2026 को सायं 6 बजे सागर पहुंचेंगे एवं सायं 7 बजे स्मार्ट सिटी स्टेडियम में बुंदेली क्रिकेट लीग के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे।



उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल 26 जनवरी 2026 को प्रातः 9 बजे 77वें गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर ध्वजारोहण करेंगे एवं परेड की सलामी लेंगे। दोपहर 12:30 बजे शासकीय हाईस्कूल मकरोनिया शासकीय विद्यालय में बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन करेंगे एवं अपराह्न 3 बजे बंडा के ग्राम क्वायला में शहीद राजेश यादव की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

# बीएमसी बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार: 16 साल का सपना होगा साकार, 250 एमबीबीएस सीटों की तैयारी

**प्रवेश संवाद सागर**

बुंदेलखंड के सबसे बड़े चिकित्सा संस्थान, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (BMC) के लिए एक स्वर्णिम युग की शुरुआत होने जा रही है। पिछले 16 वर्षों से देखा जा रहा एक बड़ा सपना अब हकीकत में बदलने वाला है। कॉलेज प्रबंधन ने अपनी क्षमता को विस्तार देते हुए अब 250 एमबीबीएस सीटों पर प्रवेश की तैयारी शुरू कर दी है।

**डीन डॉ. पी.एस. ठाकुर के प्रयासों ने भरी उड़ान** : कॉलेज के डीन डॉ. पी.एस. ठाकुर के कार्यभार संभालने के बाद से ही संस्थान के बुनियादी ढांचे और शैक्षणिक स्तर में आमूलचूल परिवर्तन देखे गए हैं। उन्हीं के प्रयासों का परिणाम है कि कॉलेज ने पहले 125 से 150 सीटों का सफर तय किया और अब सीधे 250 सीटों के लिए आधारभूत संरचना (Infrastructure) तैयार कर ली गई है।



**यूनिवर्सिटी की टीम कर चुकी है निरीक्षण** : हाल ही में मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (MPMSU) की एक उच्च स्तरीय टीम ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज का दौरा किया था। टीम ने यहाँ निर्माणाधीन कार्यों और नए वार्डों का निरीक्षण किया। अत्याधुनिक लैब, लेक्चर हाल, हॉस्टल और अन्य सुविधाओं को जांचा साथ ही अस्पताल की बेड क्षमता और मरीजों के उपचार हेतु उपलब्ध संसाधनों का आकलन किया। बता दें कि मेडिकल कॉलेज के मेनपानी में हॉस्टल का कार्य प्रगति पर है साथ ही लेक्चर हॉल का निर्माण भी एक साल में होने की संभावना है। यूनिवर्सिटी टीम की रिपोर्ट के आधार पर, कॉलेज प्रबंधन ने राष्ट्रीय एनएमसी को 250 सीटों की मान्यता के लिए आवेदन भेजा है।

**क्यों खास है यह उपलब्धि?**

**स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर** : सीटों में वृद्धि होने से बुंदेलखंड के मेधावी छात्रों को डॉक्टर बनने के लिए दूसरे शहरों या राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

**बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं** : मेडिकल नियमों के अनुसार, सीटें बढ़ने पर सीनियर रेजिडेंट्स और जूनियर डॉक्टर्स की संख्या भी बढ़ेगी, जिससे अस्पताल में 24 घंटे बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी।

**आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर** : 250 सीटों के मानक पूरे करने के लिए कॉलेज में नए हॉस्टल, अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर और रिसर्च सेंटर का निर्माण युद्ध स्तर पर जारी है।

### 16 साल का संघर्ष और सफलता

संस्थान की स्थापना के समय से ही इसे एक पूर्ण क्षमता वाले मेडिकल कॉलेज के रूप में विकसित करने की मांग की जा रही थी। जानकारों का कहना है कि यदि यह लक्ष्य प्राप्त होता है, तो बीएमसी मध्य प्रदेश के शीर्ष मेडिकल कॉलेजों की सूची में शामिल हो जाएगा।



डॉ. पी.एस. ठाकुर, डीन, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज ने कहा है कि हमारा लक्ष्य केवल सीटें बढ़ाना नहीं, बल्कि बुंदेलखंड के हर गरीब मरीज को विश्वस्तरीय इलाज और छात्रों को श्रेष्ठ शिक्षा देना है। यूनिवर्सिटी टीम का निरीक्षण सकारात्मक रहा है और हमें जल्द ही 250 सीटें मिलने की उम्मीद है।

# शीतकालीन पांच-दिवसीय अर्हम ध्यान योग शिविर का समापन

- विद्यार्थियों को ध्यान साधना, मानसिक शांति और एकाग्रता का मिला प्रशिक्षण

**प्रवेश संवाद सागर**

आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद तथा मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज की पावन प्रेरणा से सागर नगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में 18 से 23 जनवरी 2026 तक शीतकालीन 'अर्हम ध्यान योग' शिविरों का भव्य आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से हजारों छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने मानसिक शांति, आत्मबल और सर्वांगीण विकास की प्रेरणा प्राप्त की।



**शहर के शिक्षण संस्थानों में गूंजा अर्हम ध्यान योग** : छह दिवसीय योग यात्रा के दौरान सागर के कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। इनमें प्रमुख रूप से दून वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, महर रेजिमेंट सेंटर (एमआरसी) स्कूल, पारस विद्या विहार, जैन पब्लिक स्कूल, मैस्कॉट पब्लिक स्कूल, ज्ञान सागर कॉलेज, एडिना कॉलेज, राजघाट वाटर प्लांट काकागंज क्षेत्र तथा गौरा बाई दिगंबर जैन मंदिर शामिल रहे।

**विद्यार्थियों ने साझा किए अनुभव** : शिविरों में शामिल विद्यार्थियों एवं युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रतिभागियों ने बताया कि अर्हम ध्यान योग से न केवल पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ी, बल्कि मानसिक तनाव से भी राहत मिली। कई विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे प्रतिदिन इस ध्यान पद्धति को अपने जीवन में अपनाएंगे।

**समर्पित टीम का सराहनीय योगदान** : इस आयोजन को सफल बनाने में दिल्ली से पधारी साक्षी दीदी के साथ सागर की स्थानीय अंतरप्पा टीम का विशेष योगदान रहा। टीम में श्रीमती अनीता, आशा, जयश्री, मनीषा, कीर्ति, अदिति, आभा, रुबी, अंजू, संगीता, सोनम, हिमांशी, समीक्षा, मीनू सहित शक्ति भैया एवं डॉ. संजय जैन का अनुकरणीय सहयोग रहा।

## सोयाबीन पर आधारित प्रसंस्कृत पदार्थ और डिजिटल मार्केटिंवा पर प्रशिक्षण का आयोजन



**प्रवेश संवाद सागर.** शनिवार को प्रधान मंत्री एक्सीलेंस कॉलेज मकरोनिया सागर में सोयाबीन पर आधारित प्रसंस्कृत पदार्थ के से बनाएं व डिजिटल मार्केटिंग पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया सोयाबीन प्रोडक्ट पर विषय विशेषज्ञ डा. अनामिका दुबे ने' विस्तार से जानकारी दी। डिजिटल मार्केटिंग पर आई. टी. विशेषज्ञ अंजली मिश्रा वे महाविज्ञालय के छात्र। छात्राओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी प्रशिक्षण में 50 छात्र। छात्राओं ने भाग लिया।

# 6.73 करोड़ के विकास कार्यों से संवरेगी लोटना और बेरखेड़ी गोपाल की सूरत

- नरयावली के विकास पथ पर 'मील का पत्थर'

**प्रवेश संवाद सागर.**

नरयावली विधानसभा क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के अपने संकल्प को दोहराते हुए क्षेत्रीय विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया ने शनिवार को ग्राम लोटना और बेरखेड़ी गोपाल (फतेहपुरा) में 673.10 लाख रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। यह आयोजन केवल ईंट-पत्थर के निर्माण का प्रतीक नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता के प्रति सेवा और समर्पण का एक नया अध्याय साबित हुआ।



**लोटना और बेरखेड़ी में उत्साह का सैलाब**
शनिवार को ग्राम लोटना और बेरखेड़ी गोपाल में उत्सव जैसा माहौल रहा। ढोल-धमाकों और पुष्पवर्षा के बीच ग्रामीणों ने अपने जनप्रिय विधायक का स्वागत किया। लोटना में जहाँ 51.35 लाख के कार्यों की आधारशिला रखी गई, वहीं बेरखेड़ी गोपाल में 621.75 लाख की भारी भरकम राशि के कार्यों का श्रीगणेश हुआ।

लोटना में विकास की नई इबारतः 51.35 लाख के कार्य शनिवार दोपहर आयोजित प्रथम समारोह में ग्राम लोटना को 51.35 लाख की विकास परियोजनाओं की सौगात मिली। इसमें 20 लाख की लागत से कवर्ड नाली, 20 लाख की सीसी रोड एवं शांतिधाम चबूतरा निर्माण जैसे कार्यों का भूमिपूजन किया गया। साथ ही, सामुदायिक भवन और बाउंड्रीवॉल जैसे नवनिर्मित कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया। ये कार्य न केवल गांव की स्वच्छता को सुधारेंगे बल्कि सामाजिक आयोजनों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा भी प्रदान करेंगे।

बेरखेड़ी गोपाल में विकास का महाकुंभः 621.75 लाख की सौगात शाम 4 बजे बेरखेड़ी गोपाल (फतेहपुरा) में आयोजित कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा। यहाँ 6.21 करोड़ से अधिक के कार्यों की झड़ी लगा दी गई। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बेरखेड़ी गोपाल से फतेहपुरा मार्ग (लागत 553.25 लाख) का निर्माण है, जिसे क्षेत्र की कनेक्टिविटी के लिए 'लाइफलाइन' और विकास का 'मील का पत्थर' माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त मंगल भवन, पुलिया और आंगनबाड़ी केंद्र जैसे कार्यों से शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सरोकारों को नया बल मिलेगा।

'जनता की सेवा ही मेरा धर्म': विधायक प्रदीप लारिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इंजी. प्रदीप लारिया भावुक नजर आए। उन्होंने मानवीय संवेदनाओं को छूते हुए कहा, 'मेरा लक्ष्य केवल सड़कें बनाना नहीं, बल्कि हर ग्रामीण के जीवन को सुगम बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'सबका साथ-सबका विकास' और मुख्यमंत्री जी के जन-कल्याणकारी विजन को हम नरयावली की धरती पर उतार रहे हैं। ये नाली, सड़क और भवन आपके अपने हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को संवारेंगे।' उन्होंने आगे कहा कि बेरखेड़ी गोपाल से फतेहपुरा तक का मार्ग क्षेत्र के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा, जिससे किसानों और विद्यार्थियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

विकसित नरयावली का संकल्प एक ही दिन में सवा छह करोड़ से अधिक के कार्यों की सौगात मिलना यह दर्शाता है कि नरयावली विधानसभा में विकास की गति अब रुकने वाली नहीं है। राजनीतिक एवं सामाजिक सहभागिता इन गरिमामयी कार्यक्रमों में भाजपा की संगठनात्मक शक्ति और जनता का जुड़ाव साफ नजर आया। समारोह में मंत्री प्रतिनिधि गुलाब सिंह राजपूत, चैन सिंह, मंडल अध्यक्ष सोहन लोधी, कृष्ण मुरारी यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

मुद्रक एवं प्रकाशक- सुरेंद्र सिंह राजपूत (पृथ्वी) द्वारा जयश्री नारायण प्रिंटिंग प्रेस विट्ठल भवन गुजराती बाजार सागर (म.प्र.) से मुद्रित, बैंक कॉलोनी, तिली रोड सागर से प्रकाशित। मो. नं. 9926459376
प्रबंध संपादक : अभिषेक पुरोहित, स्थानीय संपादक : शुभम श्रीवास्तवः आर.एन.आई. नंबरः MPHIN/2013/48637, समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। न्यायिक क्षेत्र सागर (म.प्र.) रहेगा।

## आईएमए ने बण्डा विधायक वीरेंद्र सिंह को सौंपा ज्ञापन, राजस्थान मॉडल पर सख्त अधिनियम लागू करने का प्रस्ताव

# मृतकों की गरिमा के संरक्षण के लिए मध्य प्रदेश में कानून की मांग

**प्रवेश संवाद सागर**

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की सागर शाखा ने मृतकों के सम्मान और गरिमा की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आईएमए के प्रतिनिधिमंडल ने बण्डा विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार से मुलाकात की, उन्हें आईएमए 2026 कैलेंडर भेंट किया और राजस्थान में लागू राजस्थान मृत शरीर सम्मान अधिनियम, 2023 (Rajasthan Honour of Dead Body Act, 2023) की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी इसी तरह का कठोर कानून बनाने की मांग करते हुए एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा. साथ में स्वास्थ्य क्षेत्र में व्याप्त जटिलताओं को दूर करने के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव सौंपा गया। इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों, क्लीनिकों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना तथा संचालन प्रक्रिया को सरल, सुगम और लागत प्रभावी बनाना है। **राजस्थान का यह प्रगतिशील कानून मृतकों की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए कई सख्त प्रावधान करता है, जिनमें प्रमुख हैं:** गैर-परिवारजन द्वारा मृत शरीर का प्रदर्शन या दुरुपयोग करने पर 6 महीने से 5 वर्ष तक की कैद तथा जुर्माना। * परिवार के सदस्य द्वारा ऐसे प्रदर्शन में सहमति देने या उसमें भाग लेने पर 2 वर्ष तक की कैद तथा जुर्माना। * परिवार के सदस्य द्वारा शव को अंतिम संस्कार के लिए लेने से इनकार करने पर 1 वर्ष तक की कैद या जुर्माना। विधायक श्री वीरेंद्र सिंह लंबरदार ने इस प्रस्ताव का पूर्ण समर्थन किया और इस तरह के विधेयक की जरूरत पर सहमति जताई। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे मध्य प्रदेश विधानसभा में जल्द से जल्द इस संबंध में विधेयक प्रस्तुत करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

विधायक लंबरदार ने इसे राज्य में बढ़ती "शव राजनीति" और "लाशों के साथ प्रदर्शन" जैसी घटनाओं पर रोक लगाने का अत्यंत आवश्यक कदम बताया। उन्होंने कहा कि मृतकों का सम्मान किसी भी सभ्य समाज की पहचान है और ऐसे अमानवीय कृत्यों को रोकना समय की सबसे बड़ी मांग है। आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ.



तल्हा साद ने बताया कि हाल के वर्षों में विरोध प्रदर्शनों के नाम पर मृत शरीरों के दुरुपयोग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अनुचित मांगों को मनवाने के लिए शवों को सड़कों पर रखना या उनका प्रदर्शन करना न केवल मानवीय गरिमा का घोर उल्लंघन है, बल्कि चिकित्सा समुदाय के लिए भी अत्यंत दुखदायी है। इस कानून के लागू होने से मृतकों की गरिमा सुरक्षित रहेगी और समाज में संवेदनशीलता व मानवता बनी रहेगी। साथ ही उन्होंने अस्पतालों, क्लीनिकों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना तथा संचालन प्रक्रिया को आसान बनाने पर जोर दिया.इससे डॉक्टरों को अनावश्यक प्रशासनिक बोझ का सामना करना पड़ता है, जो अंततः मरीजों की देखभाल पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। प्रस्ताव में इस समस्या के समाधान के लिए कई ठोस सुझाव दिए गए हैं, जो स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करेंगे और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को गति प्रदान करेंगे। प्रस्ताव के प्रमुख बिंदु निम्नलिखित हैं:

1. सरलीकृत दस्तावेजीकरण प्रणाली: आईएमए ने सिंगल विंडो सिस्टम (एक ही खिड़की प्रणाली) लागू करने का सुझाव दिया है। इसके तहत सभी आवश्यक अनुमतियों – जैसे स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, स्थानीय निकाय, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से संबंधित – के लिए एक ही आवेदन फॉर्म पर्याप्त होगा। इससे वर्तमान में आवश्यक दर्जनों दस्तावेजों की संख्या को काफी कम किया जा सकेगा, और अनावश्यक कागजी कार्यवाही से मुक्ति मिलेगी। यह प्रणाली डॉक्टरों को प्रशासनिक जंजीरों से मुक्त कर मरीजों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने का समय मिलेगा।

2. त्वरित और ऑनलाइन अनुमोदन प्रक्रिया : प्रस्ताव में विभिन्न विभागों से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) प्राप्त करने की प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन और समयबद्ध बनाने पर जोर दिया गया है।

उदाहरण के लिए, आवेदन जमा करने के 30 दिनों के भीतर सभी अनुमतियां जारी कर दी जानी चाहिए। इससे विलंब की समस्या समाप्त होगी और स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना में तेजी आएगी। आईएमए ने सुझाव दिया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सभी प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाया जाए, ताकि आवेदकों को अपनी स्थिति की रीयल-टाइम जानकारी मिल सके।

3. शुल्क में कमी और राहतः अस्पतालों और क्लीनिकों की स्थापना, संचालन तथा नवीनीकरण के लिए वर्तमान में लगने वाले ऊंचे शुल्कों को न्यूनतम आवश्यक स्तर तक लाने की मांग की गई है। विशेष रूप से छोटे क्लीनिकों, ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों और नए उद्यमियों के लिए शुल्क में छूट या सब्सिडी प्रदान करने का प्रस्ताव है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं की लागत कम होगी, जो अंततः मरीजों को सस्ती इलाज सुविधा उपलब्ध कराएगी।

4. मानकीकृत दिशानिर्देश और एसओपीः प्रस्ताव में मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) और मान्यता मानकों (एक्रीडिटेशन स्टैंडर्ड्स) को स्पष्ट, व्यावहारिक और एकरूप बनाने की बात कही गई है।

ज्ञापन सौंपने वाले आईएमए प्रतिनिधिमंडल में क्षेत्रीय संचालक डॉ. नीना गिडियन, डॉ. एम.के. जैन, डॉ. योगेंद्र खटिक, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. प्राची अग्निहोत्री सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक शामिल थे। आईएमए सागर इस गंभीर सामाजिक मुद्दे पर जागरूकता फैलाने और कानून निर्माण में सक्रिय सहयोग देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने गीत जारी किया

**प्रवेश संवाद सागर**

16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस रविवार 25 जनवरी 2026 को पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने गीत जारी किया। सारिका ने बताया कि वे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता गतिविधियां कर रही हैं । इस वर्ष की थीम 'मेरा भारत, मेरा वोट' (My India, My Vote) तथा टैगलाइन 'भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में भारतीय नागरिक' (Indian Citizen at the Heart of Indian Democracy) निर्धारित की गई है।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष का जन्मदिन मनाया

**प्रवेश संवाद सागर.**

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर नामदेव जी के जन्मदिन पर सांसद संवाद केंद्र सागर में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष हरिराम सिंह ठाकुर, पंकज मुखारिया, उमेश सिंह केवलारी, कैलाश चौरसिया, के.के. मिश्रा, रविसिंह ठाकुर, रमेश चौधरी, सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नामदेव का स्वागत किया और उन्हें खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दी।

## जगमोहन सरकार मंदिर स्थापना दिवस मनाया, आज शोभायात्रा

**प्रवेश संवाद सागर**

गहोई वैश्य समाज सागर द्वारा गहोई दिवस पर दो दिवसीय समारोह के प्रथम दिवस जगमोहन सरकार मंदिर का स्थापना दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बड़ा बाजार मंदिर में जगमोहन लाल जी का अभिषेक, पूजन किया गया।प्रातः कार्यक्रम में मुख्य यजमान अध्यक्ष सुरेन्द्र सुहाने रागनी सुहाने ने अभिषेक पूजन किया। साथ में मंदिर कमेटी अध्यक्ष मनोज डेंगरे, संजीव कठल , आनंद कठल, अनिल चऊदा, वीरेन्द्र सुहाने, ओमप्रकाश रूसिया, संतोष झुडेले, शरद गुप्ता , सचिन सिपोलया, चंदन सुहाने सहित बड़ी संख्या में महिलाएं हवन-



पूजन में शामिल हुई। रात्रि में ५१ किलो लड्डू का प्रसाद चढ़ा कर महाआरती का आयोजन किया गया।

मीडिया प्रभारी शरद गुप्ता ने बताया कि 25 जनवरी रविवार को गहोई दिवस पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इष्ट देव सूर्य के पूजन के साथ उत्सव भवन बाईसा मुहाल से सुबह शोभायात्रा शुरू होकर बड़ा बाजार, गौर मूर्ति,कटरा बाजार से गेंडा जी धर्मशाला गुजराती बाजार में संपन्न होगी। समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र सुहाने, मंत्री संजीव कठल, मंदिर कमेटी अध्यक्ष मनोज डेंगरे, महिला मंडल अध्यक्ष रश्मि खरया, ओम प्रकाश रुसिया, संतोष झुडेले,डा राजेंद्र चऊदा, नर्मदा प्रसाद ददरया, वीरेन्द्र सुहाने, निकेश गुप्ता, आनंद कठल , प्रदीप गुप्ता, अवधेश बिलैया, संतोष सुहाने, ब्रिजेंद्र नगरिया, सिंटू कटारे, सचिन सिपोलया, चंदन सुहाने, महेश इटोरिया, मोहन रूसिया, आनंद ददरया, डॉ. अरविंद बड़ोनिया आदि ने सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में शामिल होकर कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की है।

# 'खेल स्पर्धाएं विद्यार्थियों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं सकारात्मक सोच का विकास करती हैं'

- एक दिवसीय जिला स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

**प्रवेश संवाद सागर.**

शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय पिट्टू प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि माननीय विधायक शैलेंद्र कुमार जैन रहे। विधायक जैन ने विधिवत पिट्टू खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर विधायक जैन ने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी संस्था



तभी निरंतर प्रगति करती है जब उसमें आपसी समर्पण, अनुशासन एवं खेल भावना हो। खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं सकारात्मक सोच का विकास करती हैं, जो उनके जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन की मंशानुसार भारतीय प्राचीन एवं पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने हेतु महाविद्यालयों में पिट्टू, मलखंभ जैसे खेल प्रारंभ किए गए हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलते हुए खेल की शुचिता बनाए रखने का आग्रह किया तथा छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रतियोगिता के परिणामों में रानी अवंती बाई विश्वविद्यालय के पुरुष वर्ग मेंp शासकीय महाविद्यालय देवरी की टीम विजेता एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया की टीम उपविजेता रही। महिला वर्ग में देवरी की टीम विजेता तथा रहली की टीम उपविजेता रही। महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय, छतरपुर के अंतर्गत पुरुष वर्ग में रहली की टीम विजेता एवं देवरी की टीम उपविजेता रही, जबकि महिला वर्ग में देवरी की टीम विजेता तथा रहली की टीम उपविजेता रही।

छात्र वर्ग में नितिन यादव एवं प्रद्युम्न टीकाराम तथा छात्रा वर्ग में मुस्कान भदौरिया एवं श्रद्धा राजपूत का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया से क्रीड़ा अधिकारी जितेन्द्र राजपूत, डॉ. हरीशचन्द्र चौरसिया, डॉ. प्रभात सिंह, सुश्री रश्मि उपाध्याय एवं डॉ. अर्चना दुबे का प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग सागर संभाग डॉ. नीरज दुबे, डॉ. भावना यादव एवं डॉ. रामकुमार गोस्वामी द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर वार्षिक खेल महोत्सव के अंतर्गत कर्मचारियों एवं छात्रों के लिए मानसिक तनाव एवं प्रबंधन की थीम पर आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार भी वितरित किए गए। महाविद्यालय की डॉ. इमराना सिद्दीकी दो वर्गों में विजेता रहीं। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अजय व्यास ने किया तथा आभार प्रदर्शन खेल प्रभारी सुरेन्द्र यादव द्वारा किया गया।

# पुलिस ग्राउंड में गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न



**प्रवेश संवाद सागर.** गणतंत्र दिवस पर पुलिस ग्राउंड में आयोजित किये जाने वाले जिले के मुख्य समारोह की तैयारियां अंतिम दौर में है। आज शनिवार की सुबह समारोह में प्रस्तुत की जाने वाली परेड की अंतिम और फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न हुई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुये मुख्य समारोह की तरह अंतिम रिहर्सल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव ऊइके मौजूद थे। परेड में आईपीएस दीपांशु ने मार्च पास्ट का नेतृत्व किया स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल भी की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती आरती यादव, एसडीएम अमन मिश्रा सहित प्रशासन एवं पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर मौजूद थे।

26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के जिला मुख्यालय स्थित पुलिस ग्राउंड में सुबह 9 बजे आयोजित जिले के मुख्य समारोह में उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे और परेड की सलामी लेंगे।

## गांधी प्रतिमा पर होगा शहर कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजवंदन

**प्रवेश संवाद सागर**

हर माह के अंतिम रविवार को होने वाले जिला शहर कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम गांधी प्रतिमा, पुरानी सब्जी मंडी पर संपन्न होगा। इस वर्ष के पहला ध्वजारोहण पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी के करकमलों से संपन्न होगा।

कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव और प्रदेश महासचिव सेवादल विजय साहू उपस्थित रहेगे। कार्यक्रम के आयोजक शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने सभी कांग्रेस जनों, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवादल परिवार जन, एन एस यू आई, नगर निगम पार्षद जनों से कार्यक्रम मे सुबह 10.30 बजे गांधी प्रतिमा, पुरानी सब्जी मंडी पर उपस्थित रहने की अपील की है।

## सुभाष नगर-तुलसी नगर में शिव–पार्वती सामुदायिक भवन का लोकार्पण, विधायक जैन बोले- विकास से वंचित वार्ड अब मुख्य धारा में शामिल

**प्रवेश संवाद सागर**

सुभाष नगर एवं तुलसी नगर वार्ड में लगभग 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित शिव–पार्वती सामुदायिक भवन का लोकार्पण सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि इस सामुदायिक भवन की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी, जिसे विधायक जैन के प्रयासों से स्वीकृति प्राप्त हुई। इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि सुभाष नगर एवं तुलसी नगर वार्ड उनके अपने वार्ड हैं, जो लंबे समय तक विकास से अछूते रहे। पिछले 10–15 वर्षों को छोड़ दिया जाए तो इससे पहले यहां विकास कार्य लगभग नगण्य थे। उन्होंने कहा कि अब यह दोनों वार्ड निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और यहां निवास करने वाले अहिरवार समाज एवं अन्य समाज के नागरिकों की सुविधाओं का विस्तार करना उनकी प्राथमिकता है।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि आज सागर जिस तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, उस पर हम सभी को गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे जनप्रतिनिधि आम जनता की भावनाओं को समझते हुए कार्य करते हैं और जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाओं को धरातल पर उतारते हैं। उन्होंने सागर तालाब का उदाहरण देते हुए कहा कि आज दूर–दूर से लोग इसे देखने आते हैं और शहर का शायद ही कोई ऐसा वार्ड बचा हो, जहां सामुदायिक भवन या मंगल भवन न हो। नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने इस उपलब्धि के लिए विधायक शैलेंद्र कुमार जैन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि लगातार पांच वर्षों तक जनता के लिए कार्य करते हैं और वर्ष में एक बार जनता से सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे तन, मन और धन से विकास कार्यों में सहयोग करें, नगर निगम की ओर से हर संभव सहायता के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, मातृशक्ति एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## विद्यालय की बालिकाओं को तिलक माला पहनाकर उपहार देकर सम्मानित किया



**प्रवेश संवाद सागर.** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला रिछा में बालिकाओं के सम्मान में कार्यक्रम रखा। हमारे विद्यालय में प्रतिवर्ष बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को तिलक माला पहनाकर उपहार देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक विजय सिंह गोंड शिक्षिका कुमारी रूपाली तिलेश्वर ने उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों को बालिकाओं के अधिकार की रक्षा करना बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना बालिकाओं के स्वास्थ्य और पोषण को ध्यान रखना बालिकाओं के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव को दूर करना इत्यादि के बारे में कई प्रकार के उदाहरण देकर बताया जैसे सुनीता विलियम्स कल्पना चावला सानिया नेहवाल पीवी सिंधु जैसी बेटियों के जीवन में संघर्ष और उच्च स्थान प्राप्त करने तक का सफर बच्चों को बताया। शिक्षकों ने बताया भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है।

# बसंत पंचमी पर हुई बाबा भोलेनाथ की सगाई, मारकंडेश्वर मंदिर लगुन पहुंची

- बाबा मारकंडेश्वर मंदिर की बारात सबसे प्राचीन, शताब्दी वर्ष बड़े हर्षोल्लाह से मनाएंगे: केसरवानी

**प्रवेश संवाद सागर.**

बसंत पंचमी के अवसर पर श्री देव नागेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का सगाई कार्यक्रम संपन्न हुआ एवं लगुन पत्रिका लिखी गई।

जो शनिवार को सब्जी मंडी में स्थित श्री देव मारकंडेश्वर मंदिर में पहुंची जहां धर्माधिकारी कथा व्यास श्री भागवत कृष्ण शास्त्री विद्वात पंडित पुरोहित पुजारी संघ के अध्यक्ष शिवप्रसाद तिवारी एवं, पंडित रामचरण जी शास्त्री पंडित शिव नारायण शास्त्री पंडित श्री आनंद शास्त्री पंडित श्री अमित कटारे,मारकंडेश्वर मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केसरवानी,पंडित डॉ रामचरण शर्मा,पप्पू तिवारी,कैलाश माहेश्वरी,पंकज केसरवानी,राजेश साहू,मंदिर मुख्य पुजारी पवन चौबे और भक्तों ने गाजे बाजे से स्वागत किया। इस अवसर पर धर्माधिकारी कथा व्यास पंडित श्री भगवत कृष्ण जी महाराज ने कहा कि जहां भगवान भोलेनाथ का विवाह संपन्न होता है वहां पर सब कुछ मंगल ही मंगल होता है कुछ भी अमंगल नहीं होता। सबसे पहले धरती पर भगवान भोलेनाथ और माता सती का विवाह हुआ और यह परंपरा प्रारंभ हुई। आज लगुन कार्यक्रम संपन्न हुआ सभी भक्तों को शुभकामनाएं देता हूं।



इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष एवं भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केसरवानी ने कहा कि हमारे शास्त्रों के अनुसार भगवान भोलेनाथ महादेव शिवशंकर एवं जगत जननी माता पार्वती जी की विवाह से पूर्व सगाई तिलक समारोह माघ मास की पंचमी तिथि के दिन ही हुई थी। जिस दिन भगवान शिवजी और माता पार्वती जी की सगाई हुई थी, उस दिन बसंत ऋतु का आगमन शुरू हुआ,तभी से शिव-पार्वती के विवाह से पूर्व सगाई वाले दिन को हर साल बसंत पंचमी महापर्व के रूप में मनाया जाने लगा। आज बाबा मारकंडेश्वर की लगुन आई है। श्री देव मारकंडेश्वर मंदिर की बारात शहर की सबसे पुरानी बारात में से एक है। सर्वप्रथम पूरे शहर में केवल श्री देव मारकंडेश्वर मंदिर की बारात निकाली जाती थी। बाबा भोलेनाथ की कृपा से अब शहर में कई सनातनियों द्वारा बाबा भोलेनाथ की बारात निकाली जाती है जिससे शहर का माहौल भक्तिमय हो जाता है। यह देव मारकंडेश्वर मंदिर की बारात का शताब्दी वर्ष होगा जिसे हम सभी भक्तगण बड़ी धूमधाम से निकालेंगे। इस अवसर पर समाज सेवी अखिलेश मोनी केसरवानी ने कहा कि शिव की महिमा अनंत है, वे कल्याणकारी, शुभता के दाता, और सृष्टि के संरक्षक हैं, जो जहर पीकर (हलाहल विष), त्रिशूल से सृष्टि-पालन-संहार का संतुलन साधकर, और डमरू से सृष्टि का नाद उत्पन्न करके जीवन को आत्मशांति, शक्ति,और मुक्ति प्रदान करते हैं। आज से भगवान भोलेनाथ का वैवाहिक उत्सव प्रारंभ हो गया है। और हम सभी सौभाग्यशाली है कि हमें भगवान भोलेनाथ की लगुन कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सत्यम सोनी अरुण सिंघई,नीता केसरवानी,मणि ठाकुर,विष्णु साहू,अनिल जैन विनर,पंकज सोनी,अब्बी साहू,कृष्ण कुमार दुबे,मोनू ठाकुर मौजूद थे।




# प्रवेश संवाद

चुप न रहें संवाद करें

#Digital Edition

डिजीटल मीडिया पार्टनर

बुन्देली halchal.com

सागर, रविवार, 25 जनवरी 2026


### करोड़ों रुपए खर्च के बाद नौगांव नगर का मुक्तिधाम बदहाल

# झाड़ियों और गंदगी के बीच मिलती है मुक्ति

### बांस-बल्लियों से टिका गेट, मुक्ति धाम बना नगरपालिका की लापरवाही की तस्वीर

**प्रवेश संवाद ✍ नौगांव.**

खुद को विकास की गंगा बहाने का दावा करने वाली नगरपालिका परिषद नौगांव शहर की मूलभूत व्यवस्थाएं तक सुधारने में नाकाम दिख रही है। हालात यह हैं कि जहां मोक्ष, शांति और अंतिम विदाई होती है, वही मुक्ति धाम आज नगरपालिका की लापरवाही का प्रतीक बन चुका है। झाड़ियों में कैद परिसर, गंदगी की भरमार, दुर्गंध और अव्यवस्थाएं, अंतिम संस्कार के लिए आने वाले परिजनों को आस्था और शांति के बजाय अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है।

शहर के चौक-चौराहों पर कचरे के ढेर और लाखों रुपए से बने फुटपाथ व श्मशान घाट का झाड़ियों में जकड़ा होना, प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत योजना की जमीनी सच्चाई बयां कर रहा है। मुक्ति धाम में टीन शेड के आसपास का हिस्सा छोड़ दिया जाए तो शेष परिसर झाड़ियों और गंदगी में तब्दील हो चुका है। शोक की घड़ी में यह दृश्य न केवल पीड़ा बढ़ाता है, बल्कि मृतक के सम्मान और मानवीय गरिमा पर भी आघात करता है।कभी सौंदर्यीकरण की मिसाल था मुक्ति धाम। भडार नदी पुल के पास स्थित मुक्ति धाम कभी शहर के सौंदर्यीकरण की पहचान हुआ करता था। राजस्थान के लाल पत्थर से निर्मित संरचना, हरे-भरे पेड़-पौधे, फुलवारी और जगमग रोशनी यह सब राहगीरों को ठहरकर देखने को मजबूर कर देता था। पूर्व नेशनल हाइवे से गुजरने वाले लोग श्मशान घाट की सुंदरता की तारीफ करते नहीं थकते थे। आज वही स्थल जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण बदहाली पर आंसू बहा रहा है।



**बांस-बल्लियों से टिका गेट, हादसे की आशंका**

मुक्ति धाम के दो प्रवेश द्वारों में से एक पर लगाया गया भारी-भरकम गेट महीनों से उखड़ा हुआ है। अस्थायी तौर पर बांस-बल्लियों से उसे टिकाया गया है। नपा के जिम्मेदारों को कई बार अवगत कराने के बावजूद अब तक सुधार नहीं हुआ। अंतिम संस्कार के बाद निकलते समय यदि यह वजनी गेट गिरा तो बड़ा हादसा हो सकता है। हालिया घटनाओं के बाद भी यदि सबक न लिया गया तो किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह केवल सफाई का मुद्दा नहीं, बल्कि संवेदनाओं, गरिमा और सुरक्षा का प्रश्न है। मुक्ति धाम जैसे पवित्र स्थल पर तत्काल सफाई, प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने और गेट की मरम्मत कर जोखिम खत्म किया जाना चाहिए, ताकि अंतिम विदाई सम्मान और शांति के साथ हो सके।




### डेकोरेटिव और सोडियम लैंप पोल खोल रहे नपा की पोल

सौंदर्यीकरण के तहत लगाए गए करीब एक दर्जन डेकोरेटिव लैंप पोल और एक दर्जन सोडियम लैंप पोल के साथ हाईमास्ट लाइटें कभी रात को भी दिन जैसी रोशनी बिखेरती थीं। अब हालात यह हैं कि डेकोरेटिव पोल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और सोडियम पोल में से महज आधे ही जल रहे हैं। हाईमास्ट लाइटें न होतीं तो झाड़ियों के बीच अंधेरा और भयावह हो जाता।

### जिम्मेदार बोले- कल होगा निरीक्षण

आपसे जानकारी मिली है, कल मौके पर जाकर मुक्ति धाम का निरीक्षण किया जाएगा। जो भी कार्य आवश्यक होगा कराया जाएगा और यदि लापरवाही पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी।
**- माधुरी शर्मा,** अतिरिक्त प्रभार सीएमओ, नगर पालिका परिषद नौगांव


---

## वाणिज्य की शोधार्थी वंदना, पीयूषी, नितिशा एवं शिवी को मिली पी-एचडी उपाधि

**प्रवेश संवाद ✍ छतरपुर.**

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर ने एक अधिसूचना जारी कर वाणिज्य अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र की शोधार्थी वंदना, पीयूषी नेमा, नितिशा श्रीवास्तव एवं शिवी को पी-एच.डी.की उपाधि प्रदान की है।उल्लेखनीय है कि वंदना, पीयूषी तथा नितिशा ने अपना शोध कार्य एक ही शोध निर्देशक प्रो.सुमति प्रकाश जैन के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। शिवी अग्रवाल ने अपना शोध कार्य डा.अशोक निगम के सतत निर्देशन में पूर्ण किया है। एमसीबीयू,छतरपुर ने 16 जनवरी 26 को शोधार्थियों को पी-एच. डी.उपाधि प्रदान करने की अधिसूचना जारी की है। कॉमर्स के रिसर्च गाइड डा.सुमति प्रकाश जैन तथा बॉटनी की रिसर्च गाइड डा.अमिता अरजरिया के निर्देशन में पहले बैच के सर्वाधिक तीन तीन शोधार्थियों को डॉक्टरेट की उपाधि मिली है। एमसीबीयू, छतरपुर में वाणिज्य के शोध निर्देशक डॉ.


डॉ. वंदना


डॉ. पीयूषी


डॉ. नितिशा

सुमति प्रकाश जैन के सार्थक मार्गदर्शन में कॉमर्स की पहली शोधार्थी वंदना ने अपना शोध कार्य "कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट इन लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन इन हिसार डिविजन" विषय पर किया है। वाणिज्य की ही दूसरी शोधार्थी पीयूषी नेमा ने सागर संभाग के कृषि विकास पर राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के प्रभाव का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर शोध कार्य किया है। वाणिज्य की तीसरी शोधार्थी नितिशा श्रीवास्तव ने अपना शोध कार्य ए स्टडी ऑन द इनकम एंड एक्सपेंडीचर पैटर्न ऑफ सर्विस सेक्टर एम्प्लॉइज इन छतरपुर सिटी विषय पर प्रो. जैन के ही गाइडेंस में किया है। इन शोधार्थियों को कड़े परिश्रम के बाद डॉक्टरेट उपाधि मिलने पर कुलगुरु प्रो.राकेश सिंह,वाणिज्य के डीन एवं विभागाध्यक्ष डॉ.बी.के.अग्रवाल, शोध निर्देशक प्रो.सुमति प्रकाश जैन, डॉ.ओपी अरजरिया,डॉ.अशोक निगम निदेशक, शोध एवं विकास डा. बीएस परमार सहित सभी प्राध्यापकों,अतिथि विद्वानों, विषय विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों ने हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी हैं। 23 जनवरी को यूनिवर्सिटी में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने विभिन्न संकायों के शोधार्थियों को डॉक्टरेट की उपाधि से विभूषित किया।

# मतदाता लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है, जागरूक और शिक्षित मतदाता ही देश की दिशा और दशा तय करता : रमेश कौल

**प्रवेश संवाद नौगांव.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय बापू महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को लोकतंत्र की मूल भावना से जोड़ने एवं मतदान के अधिकार के प्रति सजग करने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में गठित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) के तत्वावधान में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार रमेश कौल शामिल रहे। विशेष अतिथि के रूप में नौगांव थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे एवं उप निरीक्षक मोहिनी शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ एचसी नायक ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ एचसी नायक द्वारा विद्यार्थियों को निर्भीक, निष्पक्ष एवं जिम्मेदार मतदान की शपथ दिलाकर किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने का दायित्व भी है। युवाओं को चाहिए कि वे किसी भी प्रलोभन या दबाव से मुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके पश्चात ईएलसी क्लब की प्रभारी सहायक प्राध्यापक सुरुचि असाटी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब का मुख्य उद्देश्य युवाओं में चुनाव प्रक्रिया की समझ विकसित करना तथा उन्हें जागरूक और जिम्मेदार मतदाता के रूप में तैयार करना है। मुख्य अतिथि तहसीलदार रमेश कौल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है।जागरूक और शिक्षित मतदाता ही देश की दिशा और दशा तय करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें तथा प्रत्येक चुनाव में सक्रिय सहभागिता निभाएं। इस अवसर पर थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे ने मतदान प्रक्रिया, मतदान के दिन पालन किए जाने वाले नियमों एवं चुनावी आचार संहिता की जानकारी दी। वहीं उप निरीक्षक मोहिनी शर्मा ने नागरिक दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ निष्पक्ष चुनाव कराना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है।



कार्यक्रम का संचालन एमकॉम की छात्रा दृष्टि नामदेव ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में ईएलसी क्लब प्रभारी सुरुचि असाटी ने सभी अतिथियों, महाविद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ

# जिला कार्यकारिणी में शफीक बेग को सचिव एवं दीपेंद्र सिंह को सहसचिव किया नियुक्त

**प्रवेश संवाद बड़ामलहरा.** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया जी जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह सेंगर अंशु भैया एवं समस्त मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के द्वारा जिले की नवीन कार्यकारिणी का गठन किए जाने पर शफीक बेग को जिला सचिव एवं दीपेंद्र सिंह परमार को सहसचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर जिले के पत्रकार साथियों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शफीक बेग एवं दीपेंद्र सिंह परमार लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहकर निष्पक्ष एवं जनहित की पत्रकारिता कर रहे हैं। उनके अनुभव एवं नेतृत्व से संगठन को मजबूती मिलेगी तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान में सकारात्मक भूमिका निभाई जाएगी। नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा पत्रकारों की एकता, सम्मान और अधिकारों के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। दोनों को मिले इस दायित्व पर श्रमजीवी पत्रकार संघ बड़ामलहरा के अध्यक्ष नरेंद्र दीक्षित, धनप्रसाद असाटी,संजीव जैन, लोकेन्द्र सिंह, प्रशांत जैन,डॉ राजेश शर्मा, जीत सिंह, मुकेश प्रजापति,दिलीप अग्रवाल, सुयश असाटी, दिनेश मिश्रा, यादव,नीरज पौणारिक, नितिन चौधरी,मनीष शर्मा गोविन्द यादव सहित सभी मित्रों ने शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बालासाहेब ठाकरे की जयंती पर शिवसेना ने निकाली हिन्दू गर्जना रैली



**प्रवेश संवाद छतरपुर .** शिवसेना जिला इकाई द्वारा हिंदू हृदय सम्राट परम श्रद्धेय बालासाहेब ठाकरे की 100वीं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में एक पूर्व नियोजित रैली का आयोजन किया गया। शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी के नेतृत्व में शिवसैनिक स्थानीय गायत्री मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए। रैली फब्बारा चौक, हटवारा, चौक बाजार, महल और छत्रसाल चौराहा होते हुए अटल सभागार पहुंची, जहां सभा के रूप में समापन हुआ। भगवा धारण किए शिवसैनिकों ने जय भवानी–जय शिवाजी और जय हिंद राष्ट्र के नारों के साथ हिंदुत्व एकत्रीकरण का संदेश दिया। माघ मेले में शंकराचार्य जी पर हुई घटना को लेकर रोष व्यक्त करते हुए इसे सनातन धर्म का अपमान बताया गया। रैली में भगवान राम, माता जानकी और हनुमान जी के रथों के साथ बालासाहेब ठाकरे, छत्रसाल महाराज, शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप के चित्र आकर्षण का केंद्र रहे। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर शिवसैनिक उत्साह से झूमते नजर आए। सभा को संबोधित करते हुए मुन्ना तिवारी ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार हैं, जिनके सिद्धांत आज भी हिंदुओं के लिए मजबूत आधार हैं। कार्यक्रम में फिल्म अभिनेत्री माही सोनी को बालासाहेब ठाकरे स्मृति सम्मान तथा 51 फीट हनुमान प्रतिमा निर्माण में योगदान देने वाले पीठाधीश्वर भगवानदास श्रृंगारी को सम्मानित किया गया। मंच संचालन नीतेश तिवारी ने किया।

# विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य एवं सफल आयोजन सपंन्न



**प्रवेश संवाद घुवारा.** बमनौरा के बिहारी जू मंदिर परिसर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया बमनौरा में दूसरी बार आयोजित इस हिंदू सम्मेलन के लिए स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पीले चावल देकर लोगों को आमंत्रित किया। सम्मेलन में संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि छुआछूत की करो विदाई ,हम सब हिंदू भाई-भाई, जैसे नारों के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देशभक्ति और आध्यात्म के माध्यम से समाज को जागरूक करना रहा। प्रमुख वक्ताओं में जिला मंत्री रामगोपाल यादव शामिल हुए। वक्ताओं ने संघ के कार्यों और राष्ट्रभक्ति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भरत हरीनगर, अरविंद जैन,बृजेश रैपुरा, प्रशांत पाठक, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# नीता बनीं भारतीय मछुआ महासंघ महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष



**प्रवेश संवाद बकस्वाहा.** भारतीय मछुआ महासंघ द्वारा छतरपुर जिले में संगठनात्मक विस्तार को लगातार मजबूती दी जा रही है। इसी कड़ी में बक्सवाहा विकासखंड के ग्राम सुनवाहा निवासी नीता रैकवार को महिला मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन के साथ-साथ रैकवार समाज में भी हर्ष का माहौल है। नियुक्ति की सूचना सामने आते ही सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांता लग गया। भारतीय मछुआ महासंघ के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और रैकवार समाज के लोगों ने नीता रैकवार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष नीता रैकवार ने कहा कि संगठन ने जो विश्वास और जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगी। इस अवसर पर हेमलता सिंह (शिक्षक), पुष्पेन्द्र जैन (प्राचार्य), नीता रैकवार के पिता रतन रैकवार, माता विनीता रैकवार, मछुआ महासंघ की प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता रैकवार, जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र रैकवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी हरिशंकर रैकवार, जिला प्रभारी देवी रैकवार, कृष्णा रैकवार (भाजपा नेता), अशोक रैकवार सहित संगठन के पदाधिकारी, स्टाफ, समाज की मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में शुभचिंतक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रवेश संवाद नौगांव.** महिला बाल विकास एवं परियोजना विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय बापू महाविद्यालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना रहा। आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि तहसीलदार रमेश कॉल द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। अपने संबोधन में तहसीलदार रमेश कॉल ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की बालिका ही कल का सशक्त समाज गढ़ेगी। उन्होंने बालिकाओं से शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। साथ ही मतदाता जागरूकता दिवस के संदर्भ में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदान में सक्रिय भागीदारी करना आवश्यक है। परियोजना अधिकारी अनिल नामदेव ने राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए कहा कि यह दिन समाज को यह संदेश देता है कि बालिकाएं किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों को समझने और किसी भी प्रकार के भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाने के प्रेरित किया। कार्यक्रम में नगर निरीक्षक वाल्मीकि चौबे ने बालिकाओं को साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के दुरुपयोग जैसी समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी। उपनिरीक्षक मोहिनी शर्मा ने बालिकाओं को भरोसा दिलाया कि वे किसी भी समय उनसे संपर्क कर सकती हैं। उन्होंने मोबाइल आईडी लॉक होने की स्थिति, उसकी प्रक्रिया और समाधान में लगने वाले समय की जानकारी दी।



# बस, ऑटो व टैक्सी चालकों का किया सम्मान

**प्रवेश संवाद नौगांव.** शनिवार को 'चालक दिवस' के मौके पर नौगांव ब्लॉक कांग्रेस की ओर चालकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सर्वेश तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता बस स्टैंड पहुंचे और बस चालकों, रिक्शा व टैक्सी चालकों का माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर सम्मान किया। तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं बल्कि चालकों के प्रति सम्मान, अपनापन और कृतज्ञता की भावनाएं भी हैं। तिवारी ने कहा कि चालक वर्ग शहर की रफ्तार को संभाले हुए है। दिन-रात मेहनत कर यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाना समाज के लिए अहम सेवा है, जिसे सम्मान मिलना चाहिए। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह यादव, पार्षद विष्णु स्वरूप नायक, अजीम सिद्दीकी, अतीक, सचिन तिवारी, सुरेश अहिरवार, रमेश अहिरवार सहित ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

